# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
### :: सूचना ::

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 68वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर बिहार राजस्व सेवा के लिए अनुशंसित अभ्यर्थियों का दिनांक–20.03.2024 तक शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों का सत्यापन (Verification of Certificates) कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को पुनः दिनांक–13.05.2024 एवं दिनांक–10.12.2024 को प्रमाण पत्रों के सत्यापन का अवसर प्रदान किया गया।

शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों का सत्यापन (Verification of Certificates) के उपरांत योगदान समर्पित नहीं करने वाले अभ्यर्थी निम्नवत् है :–

| क्र0 | मेधा क्रमांक | अनुक्रमांक | नाम | जन्म तिथि | लिंग | आयोग द्वारा आवंटित आरक्षण रोस्टर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 69 | 187443 | KUMAR ANKIT | 12-11-1994 | MALE | 01–सामान्य |

उपरोक्त पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि वे दिनांक–30.01.2026 तक निश्चित रूप से विभाग में योगदान करना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा आपकी अभ्यर्थित्व रद्द किये जाने की कार्रवाई की जायेगी।

आयोग की 68वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा से राजस्व अधिकारी एवं समकक्ष पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसित शेष **कुल–05 अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए** शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों का सत्यापन (Verification of Certificates) **दिनांक–30.01.2026 (शुक्रवार) को एक पाली (समय–10:00 पूर्वा0 से 01:00 बजे अप0 तक)** में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना (पुराना सचिवालय) में आयोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में **अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों का अभ्यर्थित्व रद्द किये जाने हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।**

**शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों के सत्यापन में अनुपस्थित अभ्यर्थी निम्नलिखित है :–**

| क्र0 | मेधा क्रमांक | अनुक्रमांक | नाम | जन्म तिथि | लिंग | आयोग द्वारा आवंटित आरक्षण रोस्टर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 1 | 529411 | PRIYANGI MEHTA | 26-01-01 | FEMALE | 01–सामान्य |
| 2 | 106 | 437606 | BHAVESH KUMAR TIWARI | 23-10-96 | MALE | 01–सामान्य |
| 3 | 114 | 111632 | AVINASH SINGH | 16-11-93 | MALE | 07–आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग |
| 4 | 131 | 350984 | RASHMI RATHI | 02-03-90 | FEMALE | 05–पिछड़ा वर्ग |
| 5 | 204 | 533702 | SIMRAN SHREYA | 08-01-99 | FEMALE | 04–अत्यन्त पिछड़ा वर्ग |

E:\2024\Chandan\Sec-3\68 wi BPSC 2024\Suchana 68wi.doc 10

प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए अभ्यर्थी निम्नलिखित प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति तथा उसकी छायाप्रतियों की दो–दो स्व अभिप्रमाणित (Self Attested) प्रतियां अपने साथ अनिवार्य रूप से लायेंगे :–

(1) मैट्रिक उत्तीर्णता का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र।

(2) इन्टरमीडिएट, स्नातक उत्तीर्णता का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र।

(3) अन्य उच्चतर शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र, जो आवेदन पत्र में वर्णित किया गया हो।

(4) अगर नियोजित (Employed) हों तो नियोक्ता द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण–पत्र।

(5) सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र (आरक्षित कोटि के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों के लिए)।

(6) बिहार राज्य सरकार की नौकरियों के निमित्त सक्षम प्राधिकार के स्तर से निर्गत क्रिमीलेयर रहित प्रमाण पत्र (पिछड़ा/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग हेतु)।

(7) सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए प्रमाण पत्र (EWS)

(8) भूतपूर्व सैनिक (EXSM)/विकलांग वर्ग से संबंधित प्रमाण पत्र जो भारत सरकार/बिहार सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर, केन्द्र सरकार/बिहार सरकार की सूची अनुसार सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो एवं प्रमाण पत्र सत्यापन के दिन मान्य हो।

(9) स्वतंत्रता सेनानी के नाती/नतिनी/पोता/पोती के आधार पर चयन हेतु अनुशंसित अभ्यर्थियों के लिए उक्त से संबंधित प्रमाण पत्र।

(10) बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा निर्गत प्रवेश पत्र (Admit Card)

(11) सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्थायी आवासीय प्रमाण पत्र।

(12) पूर्ण रूप से भरा हुआ चरित्र एवं पूर्ववृत्त सत्यापन प्रपत्र (विहित प्रपत्र में)–दो प्रतियों में (विहित प्रपत्र विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध)।

(13) पासपोर्ट साईज का 04 (चार) फोटो।

(14) अभ्यर्थी की पहचान प्रमाणित करने से संबंधित कोई फोटोयुक्त दस्तावेज/पहचान पत्र (आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/ड्राईविंग लाईसेंस/पासपोर्ट, इत्यादि)।

(15) अनुमंडल पदाधिकारी/कार्यपालक दण्डाधिकारी के स्तर से निर्गत अभ्यर्थी का सभी प्रमाण पत्र सही होने, थाना अथवा न्यायालय में कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं होने एवं आचरण प्रतिकूल नहीं होने से संबंधित शपथ पत्र (विहित प्रपत्र विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध)।

**उक्त प्रमाण पत्रों के सत्यापन/जांच में सम्मिलित होने हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।**

Srani 13.01.26
(सुधा रानी),
विशेष कार्य पदाधिकारी,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक–03/स्था0रा0अ0(नियुक्ति–68वीं)–14/2024–30(3)/रा0, पटना, दिनांक–13/01/26**

प्रतिलिपि:– आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को सत्यापन प्रपत्र की प्रति सहित विभागीय वेब–सांईट पर प्रकाशनार्थ प्रेषित।

Srani 13.01.26
(सुधा रानी),
विशेष कार्य पदाधिकारी।

E:\2024\Chandan\Sec-3\68 wi BPSC 2024\Suchana 68wi.doc 11